आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 06.02.2025 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री राज्यसभा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर आज शाम राज्यसभा में चर्चा का जवाब देंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। दो दिन पहले लोकसभा ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव अपनाया था।

विद्यासागर स्मृति दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल में आचार्य विद्यासागर महाराज का स्मारक बनाया जाएगा। वे आज भोपाल में विधानसभा परिसर में आयोजित संत विद्यासागर महाराज की प्रथम समाधि स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि महाराज जी के स्मरण के लिए भोपाल में एक अच्छा स्थान बनाएंगे।

कार्यक्रम में आचार्य विद्यासागर महाराज के जीवन पर आधारित 25 किताबों का विमोचन किया गया।इस दौरान दिगंबर जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा भी मौजूद रहे।

जेल ई प्रिजन

प्रदेश की सभी जेलों में ई-प्रिजन व्यवस्था लागू है। इस व्यवस्था में बंदियों से संबंधित जानकारियों को निरंतर अद्यतन किया जाता है। ई-प्रिजन मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए अब तक

कुल 13 लाख 17 हजार 303 आमद दर्ज की जा चुकी है। इसके माध्यम से 1लाख 31 हजार से अधिक बंदियों की जानकारी प्रविष्टि भी की जा चुकी है। बताया गया कि बीते साल 1 जुलाई से अब तक नवीन आपराधिक कानून के अंतर्गत ई-प्रिजन पर 48 हजार 139 बंदियों की आमद हुई है।

ओरछा कार्यशाला

बुन्देलखण्ड क्षेत्र में चंदेल और बुंदेल कालीन तालाबों के पुनरुद्धार और जल संरक्षण विषय पर ओरछा में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यशाला में विभिन्न राज्यों से आए शोधकर्ताओं एवं व्याख्याताओं द्वारा चंदेल एवं बुंदेल कालीन तालाबों के पुनरुद्धार और जल संरक्षण विषय पर महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। उन्होंने वर्तमान समय में चंदेल एवं बुंदेल कालीन तालाबों रूपी धरोहर को सहेजने तथा पुनरुद्धार की आवश्यकता पर विचार रखे। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल और राजेन्द्र सिंह भी शामिल हुए.

मौसम

प्रदेश में कड़ाके की ठंड से राहत जरुर मिल गयी है लेकिन ठंडी हवाओं ने सुबह से लोगों की लोगों की मुश्किल बढ़ा दी है। कल भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर समेत प्रदेश के कई शहरों में दिन के तापमान में 5 डिग्री तक की गिरावट देखने को मिली। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक दिन और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने का अनुमान जताया है। ऐसे में कुछ शहरों में रात का तापमान फिर से 10 डिग्री के नीचे पहुंच सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 8 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ की वजह से प्रदेश में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।

उमरिया टक्कर

उमरिया जिले में एनएच 43 पर दो ट्रकों की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। घटना में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतकों में तीन महिलायें हैं। पुलिस के अनुसार मृतकों में एक महिला की शिनाख्त पार्वती बाई निवासी ग्राम बुड़ना के रूप में हो पाई है। अन्य मृतकों एवं घायलों की शिनाख्त की जा रही है ।

समाचार संक्षेप में....

1. केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई वीरगाथा परियोजना में शिवपुरी जिले की बदरवास के शासकीय प्राथमिक विद्यालय टपरियन देहरदा गणेश में कक्षा- पांचवी की छात्रा रागिनी जाटव का चयन हुआ है। उन्हें 10 हजार रुपए की राशि, प्रशस्ति पत्र व मैडल प्रदान किया गया है ।
2. मंदसौर पुलिस द्वारा साइबर अपराधों से बचाव के लिए 'सेफ क्लिक' कार्यक्रम में स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों, गृहणियों और आम नागरिकों को साइबर सुरक्षा की जानकारी दी जा रही है।
3. खण्डवा जिले में फसल अवशेषों को खेतों में जलाये जाने पर अपर कलेक्टर के. आर. बड़ोले ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश पर वायु प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है ।

और

4. झाबुआ में शासकीय आईटीआई परिसर में "युवा संगम" कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 20 अभ्यर्थियों का प्रारम्भिक चयन किया गया है ।

---------------------------